संक्षिप्त

महादेव का अभिषेक किया

बोराज, (निसं)। भगवान शिव की आराधना का सावन मास के पहले सोमवार को कस्बे के सभी शिवालयों में ओम नमः शिवाय का मंत्र गूंजने लगा और भक्तगण सुबह से ही भोलेनाथ के दरबार में बीलपत्र, दुग्ध मिश्रित जल, आग धतूरे के पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना में जुट गए। सभी मंदिरों पर विशेष सजावट व श्रगार किया गया। स अवसर पर खोरानिया शिवसेना समिति के तत्वाधान में पांचवी विशाल कावड यात्रा में व बाबा कॉलोनी के युवा संगठन द्वारा संचालित कावड यात्रा में कावडियों द्वारा देवयानी सरोवर से लाये पवित्र जल से कस्बे के मंदिरों में महादेव का जलाभिषेक किया गया।

शिवालयों में हुई विशेष पूजा अर्चना

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा कस्बे में श्रावण मास के पहले सोमवार को शिवालयों में जगह जगह पर विशेष पूजा अर्चना की गई साथ ही पुष्प मालाओं से मनमोहक झांकियां सजाई गई। इसी क्रम में कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मन्दिर परिसर में राम गोपाल ईश्वर महादेव मन्दिर में पण्डित शिवनारायण शर्मा के सानिध्य में भगवान शिव को रुद्रीपाठ शिव, सहस्त्रनाम शिव महिमन आदि के द्वारा पंचामृत अभिषेक कर पुष्प मालाओं से भव्य श्रंगार कर अलौकिक झांकी सजाई गई। तत्पश्चात भगवान शिव को बेलपत्र मंत्रोच्चार के साथ समर्पित किया गया। साथ ही विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती कर विश्व शांति की कामना की गई।

सूने मकान से दिनदहाड़े 15 लाख के आभूषण व नगदी चोरी

मालपुरा, (निसं)। सोमवार को दिनदहाड़े रेकी कर लाखों रुपये के आभूषण व नगदी चोरी की हुई वारदात ने मालपुरा थाना पुलिस व प्रशासन की सजगता के दावों की पोल खोल दी।

इंदिरा कॉलोनी 15 दुकानों के पीछे सार्वजनिक पार्क के पास रहने वाले लक्ष्मीकांत कश्यप के मकान में सोमवार दोपहर को चोरी की वारदात हुई। पीड़ित लक्ष्मीकांत कश्यप ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह ड्यूटी पर अविकानगर गया हुए था। वहीं उनकी पत्नी एक निजी विद्यालय में शिक्षण कार्य को गई हुई थी। इस दौरान पीछे से चोरों ने रेकी कर उसके सूने मकान को निशाना बनाते हुए दीवार फांद अंदर घुस दो ताले तोड़कर चोरों ने मकान के बरामदे की दीवार को फांद गैलरी के गेट पर लगे ताले को तोड़ कमरे में अलमारी के लॉकर को तोड़कर लॉकर में रखे करीब 15 तोला सोने के आभूषण तथा आधा किलो चांदी के आभूषण व 1 लाख नकद चुरा ले गए।

पीडित ने बताया कि दोपहर 2 बजे बाद जब उनकी पत्नी घर पहुंची तो गैलरी के गेट का ताला टूटा हुआ था तथा कमरे में अलमारी खुली हुई व बेड पर सामान फैला हुआ था जिसे देख उसके होश उड गए। मामले की सूचना मिलते ही मालपुरा थाने से सब इंस्पेक्टर राजमल मौके पर पहुंचे तथा पीडित मकान

चोरी की वारदात के बाद घर में बिखरा सामान।

मालिक व मोहल्ले वासियों से पूछताछ कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।तथा मकान के आसपास के मकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी जुटाई।

पीड़ित मकान मालिक कश्यप के साथ बडी संख्या में कॉलोनी वासियों ने देर शाम को एसडीएम आवास पर पहुँच एसडीएम रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंप मालपुरा शहर की आवासीय कॉलोनियों में दिनदहाडे हो रही चोरी की वारदातों सहित रात्रि में हो रही चोरियों के बावजूद थाना पुलिस द्वारा एक भी चोरी का खुलाशा नहीं करने व चोरों की गिरफ्तारी के लिए ठोस कदम उठाने सहित शहर

- एक महीने में शहर में दिनदहाड़े चोरी की हुई दूसरी वारदात
- कॉलोनी वासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

में गश्त बढाने की पुरजोर मांग की। एसडीएम ने थाना प्रभारी सहित एएसपी व पुलिस उपाधीक्षक से मामले को लेकर चर्चा कर जल्द चोरी की वारदात का खुलाशा करने व चोरी का माल बरामद करने का विश्वास दिलाते हुए मकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने की आमजन से अपील की। बीते दिनों ब्रजलालनगर आवासीय कॉलोनी में भी सूने मकान की रेकी कर दिनेश जैन टोरडी वाले के मकान से 8 से दस लाख रुपये की हुई चोरी व दो महीने पूर्व अस्पताल रोड स्थित डॉक्टर जीतराम मीणाके मकान के सामने खडी 16 लाख रुपये की लक्जरी कार चोरी के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज थाना पुलिस को दिए जाने के बावजूद आज तक चोरी की वारदातों का खुलाशा नही होने से अब लोगो मे पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर कडी नाराजगी बढती जा रही है।

लूट की वारदात का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

कोटपूतली, (निसं)। पनियाला थाना पुलिस ने लूट की वारदात का पर्दाफास करते एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पनियाला थाना प्रभारी हितेश शर्मा ने बताया कि ग्राम रामगढ़ (झीड़ा की ढ़ाणी) निवासी परिवादी अभिषेक पुत्र अमीलाल यादव ने मामला दर्ज करवाया था कि 26 जून को वह कोटपूतली से अपने गांव रामगढ़ आते वक्त रास्ते में सलाली प्याऊ के पास रूक कर फोन कर रहा था। तभी एक बात क पर सवार होकर आये तीन अज्ञात बदमाशों ने उसके साथ लाठी व डण्डों से मारपीट की। जिससे उसका हाथ टुट गया। तीनों बदमाश पीड़ित का मोबाइल व पर्स चुराकर मौके से फरार हो गये। पर्स में एक हजार रूपयों की नकदी व जरूरी कागजात थे। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मुखबीर की सूचना पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त क्रमशः ऋषिपाल 18 वर्ष पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम माजरा ढाकोड़ा, हरसौरा (अलवर), ज्ञानचंद 23 वर्ष पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम पंवाला राजपूत, सरूण्ड कोटपूतली व संजय 18 वर्ष पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम कालवा थाना नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा के रहने वाले है। उक्त तीनों बदमाश रात्रि के समय में मोटरसा किल चालकों को रोककर उनसे मारपीट कर लूट की वारदात कारित करते थे।

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर गोष्ठी आयोजित

श्रीमाधोपुर, (निसं)। राष्ट्रीय चेतना मंच श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में स्वराज 75 कार्यक्रम के अंतर्गत माहेश्वरी धर्मशाला में राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में नागरिकों की भूमिका विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह जानकारी देते हुए प्रहलाद सोमानी व दिलीप सिंह शेखावत ने बताया गया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रामपुर से प्रचारक बाबूलाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत ने की। मुख्य वक्ता बाबूलाल ने कहा कि भारत का स्वराज 75 एक ऐतिहासिक पल है क्योंकि हजारों सालों से देश विदेशी ताकतों के शिकंजे में फंसा था। वह देश हजारों देशभक्तों के समर्पण के कारण 15 अगस्त 1947 को स्वराज को प्राप्त किया था। बाबूलाल ने कहा कि स्वराज स्वराज की अवधारणा अत्यन्त व्यापक है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। कन्हैयालाल चोरासिया ने गीत व रामजीलाल शर्मा ने अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम में संघ के विभाग प्रचारक उत्कर्ष , जिला कार्यवाह पवन कुमार, जटाशंकर व्यास, पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा,डा माधव सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष हरि नारायण महंत, उपाध्यक्ष ओंकार सिंह राठौड, पूर्व उप प्रधान बनवारी लाल यादव आदि मौजूद रहे।

युवाओं ने पौधारोपण किया

कोटपूतली, (निसं)। भाजपा नेता मुकेश गोयल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा सप्ताह के अन्तर्गत सोमवार को ग्राम भोपतपुरा में पूरणमल यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया।

ग्रामीणों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय भोपतपुरा परिसर में गोयल का माला व साफा पहनाकर स्वागत करते हुए उनके साथ 50 पौधे लगाये। भाजपा नेता गोयल ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान राजेश सराधना, नवीन सिंह

सेवा सप्ताह के अन्तर्गत ग्राम भोपतपुरा में पूरणमल यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया।

तंवर, बाबू सिंह तंवर, लोकेश स्वामी, जगदीश स्वामी, सुनील स्वामी, नरेश स्वामी, विजय स्वामी, संजय स्वामी, भागीरथ सिंह, कैलाश चन्द यादव, विक्रम सिंह तंवर, नरेन्द्र यादव, नरेन्द्र शर्मा, कृष्ण यादव, रामेश्वर यादव, सचिन यादव, युधिष्ठर स्वामी, विकास यादव समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

124 लाभार्थियों को पट्टे जारी किए

देवली, (निसं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के तृतीय चरण का शुभारम्भ किया। सोमवार को नगरपालिका द्वारा वार्ड सं. 1 एवं 2 का शिविर आयोजन किया गया।

वार्ड के सामुदायिक भवन, नेकचाल रोड, हरिजन बस्ती में शिविर का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर वार्ड 2 के पार्षद बाबूलाल बैरवा जो कि स्वयं 38 वर्ष से अपने मकान का पट्टा लेने से वंचित थे, जिन्हें प्रशासन शहर के संग अभियान के तहत पट्टा जारी हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों के समक्ष पार्षद ने बताया कि विगत 38 वर्ष से अपने मकान का पट्टा लेने का प्रयास कर रहा था, किन्तु राज्य सरकारों द्वारा छूट प्रदान नहीं किये जाने के कारण पट्टा लेने से वंचित बने हुए थे। पार्षद बाबूलाल बैरवा ने उक्त अभियान में मिलने वाले लाभ पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने बताया कि सोमवार को वार्ड स्तर पर चलाए गए शिविर अभियान में नगरपालिका ने 124 लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया है। जिनमें 69-ए, स्टेट ग्रान्ट एक्ट, नगरीय निकाय की योजनाओं के पट्टे शामिल है।

मीणा ने बताया कि मंगलवार को भी शिविर का आयोजन उक्त स्थल पर ही किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी मीणा ने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा कृषि भूमि, 69-क, स्टेट ग्रान्ट एक्ट, नगरीय निकाय की योजनाओं, लघु अवधि लीज नियमन, खांचा भूमि आदि कई योजनाओं में अपने मकान/भूखण्ड का पट्टा प्राप्त करने हेतु कई प्रकार की छूटे दी जा रही है, जिससे की कोई भी व्यक्ति न्यूनतम दस्तावेजों को प्रस्तुत कर अपने मकान/भूखण्ड का पट्टा प्राप्त कर सकता है।

उपकारागृह में योग कार्यक्रम

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उपकारागृह में समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा सोमवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाचार्य आर्य रमेश कुमार द्वारा सूर्यनमस्कार, कपालभाति, अनुलोमविलोम, भुजंगासन, चक्रासन समेत अनेक योग क्रियायें करवाई गई।

समाजसेवी शर्मा द्वारा उपकारागृह में पेड़, चित्रकारी, योग आदि कार्यक्रम निरन्तर चलाये जा रहे हैं। शर्मा ने कहा योग हमे निरोग बनाता है प्रत्येक व्यक्ति को प्रातः कुछ समय निकाल कर योग करना चाहिये। जेलर भगवान सहाय ने सभी कैदियों को समाजसेवा सुधार की ओर प्रेरित करते हुए समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। योगाचार्य आर्य रमेश कुमार ने योग से होने वाले फायदे बताते हुए योग को स्वस्थ शरीर और स्वच्छ मन का मार्ग बताया। इस दौरान मनोज यादव, अशोक कुमार, रामचन्द्र, ओमप्रकाश, गिरधारी, गणेश, सुमन चौधरी, शुभम व जेल प्रशासन मौजूद रहा।

सरपंच व विकास अधिकारी के रिकॉर्ड की जांच की मांग

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। नीमराना कस्बे में सोमवार को पंचायती राज मंत्री राजस्थान सरकार के नाम से समस्त ग्रामवासी नीमराणा द्वारा पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल के नेतृत्व में नीमराणा ग्राम पंचायत के सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के रिकॉर्ड की जांच की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी नीमराना मुकुट सिंह तथा विकास अधिकारी निर्मल को ज्ञापन सौंपा तथा फर्जी तरीके से हो रहे निर्माण की जांच करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही करने की मांग की गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि नीमराना ग्राम पंचायत को इस बजट सत्र में नगर पालिका का दर्जा देने के बाद 17 जून को नगर पालिका का नोटिफिकेशन सहायक शासन सचिव की तरफ से जारी होने के पश्चात सभी दस्तावेज में पत्रावली पर जिला परिषद अलवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की तरफ से ग्राम पंचायत नीमराणा के खाते पर रोक लगा दी गई थी लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच, सरपंच पति तथा विकास अधिकारी की सांठगांठ से पंचायत समिति के अधिकारियों से मिलीभगत कर आज भी कार्य चालू कर रखे हैं तथा पिछली तारीख में रिकॉर्ड के साथ छेडछाड कर रिकॉर्ड को दुरुस्त कर रहे हैं साथ ही बैंक खाते से पूर्व के दिनांक में भी चैक निकाले जा रहे हैं।

ग्रामीणों के द्वारा उक्त ज्ञापन में ग्राम पंचायत के संपूर्ण प्रकरणों की जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई जिसमें में लोकायुक्त जयपुर, शासन सचिव पंचायती राज विभाग जयपुर, जिला कलेक्टर अलवर, जिला परिषद सीईओ अलवर, उपखंड अधिकारी नीमराणा तथा विकास अधिकारी पंचायत समिति नीमराणा को प्रेषित करते हुए ग्राम पंचायत के सभी प्रकरणों की उचित जांच कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई। इस दौरान नीमराना के पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल, हरमेश, मनमोहन, माला राम, मनीष, छोटेलाल, राजकुमार, सुधीर, टेकचंद निमोरिया आदि कस्बेवासी उपस्थित रहे।

सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

थानागाजी। नगर पालिका द्वारा वार्ड संख्या 14 में निर्माणाधीन सीसी सडक व नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें वार्ड पार्षद मोहनलाल सहित वार्ड वासियों ने घटिया निर्माण सामग्री का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य को रुकवाया गया तथा घटिया निर्माण की सूचना उपखंड अधिकारी नवनीत सिंह को दी गई। जिस पर उपखंड कार्यालय से मौके पर एसडीएम कार्यालय के नायब तहसीलदार अनिरुद्ध सिंह निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। नायब तहसीलदार ने बताया कि बजरी एवं सीमेंट घटिया क्वालिटी की है।

32 किलो पॉलीथिन जब्त की

थानागाजी। नगर पालिका द्वारा कस्बे में लगातार प्लास्टिक कैरी बैग के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दुकानदारों द्वारा प्रतिबंधित कैरी बैग का उपयोग किया जा रहा है। जिस पर नगरपालिका दस्ते द्वारा 32 किलो पॉलिथिन कैरी बैग व्यापारियों एवं फुटकर विक्रेताओं से जप्त की गई साथ ही 5 दुकानदारों के चालान काटने की कार्यवाही की गई। नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी आशुतोष व्यास, जगदीश प्रसाद सैनी आदि मौजूद रहे।

किन्नर सम्मेलन: जगन्नाथजी मंदिर में विशेष पूजन किया

अलवर, (निसं)। अलवर में चल रहे किन्नर सम्मेलन में सोमवार को गंगाजल व हरी पत्तियां लेकर जगन्नाथजी मंदिर में विशेष पूजन का कार्यक्रम हुआ। मंदिर में 11 किलो वजन का पीतल का घंटा दान किया गया। मंगल परिणय से दोपहर को किन्नर शोभायात्रा के रूप में निकले, नाचते-गाते सुभाष चौक मंदिर पहुंचे।

वहां एक किन्नर ने तो छोटे बच्चे को उठा नाचने लगा। जिसे देख हर कोई दंग रह गया। इस उत्साह में देखते ही देखते कई किन्नर भंगडा पर धमाल करने लगे। काफी देर तक मंदिर परिसर में भी

- मंदिर में 11 किलो का घंटा भेंट किया

डांस किया। बाकी सुभाष चौक मंदिर से लेकर मंगल परिणय तक डांस करते आए। मंगल परिणय में शहनाई की धुन से किन्नर का स्वागत हुआ। इससे पहले किन्नर सजने-संवरने में लगे रहे। जब ढोल की आवाज सुनी तो गंगाजल हरी पत्तियां लेकर मंदिर की ओर चल दिए। मंदिर में विशेष पूजन किया। इसके बाद वापस कलश लेकर

किन्नरों के सम्मेलन के रंग ने बाजार

सम्मेलन के दौरान किन्नर शोभायात्रा के रूप में निकले जो नाचते-गाते सुभाष चौक मंदिर पहुंचे।

में भीड जुटा ली। दोपहर करीब एक से 3 बजे तक यही नजारा रहा। जगह-जगह किन्नरों का स्वागत भी किया गया।

इस सम्मेलन में करीब 800 किन्नर आए हैं। बताया गया है कि यह सम्मेलन अब समापन की ओर है। कुछ नए किन्नर आते हैं कुछ पहले से आए लौटने लगे हैं। आज का प्रोग्राम मंगल परिणय मैरिज होम से बैंड बाजे के साथ गंगाजल हरी पत्तियां लेकर सुभाष चौक जगन्नाथ मंदिर पहुंचे जहां भगवान जगन्नाथ जी की विशेष पूजा अर्चना कर घंटा चढाया गया।

नाम परिवर्तन

मैं मेरा नाम दीया मदान से बदलकर अन्तिमा थापर पुत्री श्री अशोक कुमार थापर निवासी प्लाट नम्बर 167, जी-3, आदिनाथ अपार्टमेंट, वर्धमान सरोवर-ए, पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर रख रही हूँ भविष्य में मुझे मेरे उक्त नये नाम से ही जाना पहिचाना जावें।

I, Saleha D/o Mohammad Ashraf R/o B-1118 bhatta basti Shastri nagar Jaipur have changed my name from Saleha to Saleha Ashraf for all future purposes.

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

UDYOG MANDIR
Amer, Jaipur -302028,
Phone 0141-2530210 Mob. 9829056422
Email: udyogmandir2000@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed Tenders are invited from the suppliers for the supply of Australian Marino Tops Wool of 24 microns staple length minimum 75 mm Estimated Value Rs 14.00 Lakhs F.O.R. at Shahpura, District Jaipur under KRDP scheme of KVIC, Tender document can be obtained from the office on any working day from 19 July,2022 during 10.00 A.M. to 5.00 P.M. on Payment of Rs. 500.00. in cash orDD/Bankers Cheque in favour of Udyog Mandir payable at Jaipur. Tenders canbe submitted upto 08 August, 2022 up to 2.00 P.M. Tenders will be opened on 08 August, 2022 at 3.00 P.M. before the Purchase Committee at the above address. **Secretary UDYOG MANDIR, Amer**

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-4381 दिनांक-16.6.2022

जाहिर आम सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास संख्या 50/209 (EWS), (एरिया 36.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्री शब्बीर अहमद पुत्र श्री अल्लाहदीन खान को किया जाकर आवंटन पत्र 1546 दिनांक 30.04.1992 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 2025 दिनांक 09.00007.1992 के द्वारा जारी किया गया था। श्रीमती अमृत कौर पत्नी श्री सत्येन्द्र सिंह के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1222/2195 दिनांक 12.06.2013 के द्वारा किया गया एवं श्रीमती अमृत कौर के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 18.6.2013 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती अमृत कौर की मृत्यु दिनांक 24.06.2021 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री भवदीप सिंह पुत्र श्री सत्येन्द्र सिंह द्वारा उक्त आवास को अपने स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री भवदीप सिंह पुत्र श्री सत्येन्द्र सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 04/22
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी विधि चतुर्वेदी पुत्री स्व. मुकेश चतुर्वेदी जाति ब्राह्मण विवाद स्थान 50/386, रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर राज.
मृतक स्व. अंजना चतुर्वेदी की एलआईसी पॉलिसी 192699972 की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 24.8.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अंजना चतुर्वेदी पत्नि स्व स्व. मुकेश चतुर्वेदी जाति ब्राह्मण निवासी 50/386, रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 24 माह 08 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 16 माह 04 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

शरिस्तेदार
मोहर अदालत — अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-10, जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय, सांगानेर

कार्यालय ग्राम पंचायत जसाई पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.

क्रमांक- SPL-01 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2021-22** दिनांक- 14-07-2022

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक	अनु. राशि (लाखों में)	अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा फार्म राशि
1	गंदे पानी की निकासी हेतु भूमिगत पाइप लाइन डालना धर्मवीर के घर से जलेसिंह के घर की ओर से जसाई।	21/7/2022 12PM तक	21/7/2022 2 PM तक	21/7/2022 3PM तक	10.00 लाख	20000/-	500/-
1	गंदे पानी की निकासी हेतु भूमिगत पाइप लाइन डालना प्रेम के घर से ईश्वर के घर की ओर से जसाई।	21/7/2022 12PM तक	21/7/2022 2 PM तक	21/7/2022 3PM तक	10.00 लाख	20000/-	500/-

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत जसाई, पं. समिति मुण्डावर (अलवर) | NIB N. ZAL2223A0534, UBN N. ZAL2223GSOB00755 | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत जसाई, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

कार्यालय निर्वाचन अधिकारी
मालवीय अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.
ऐ-48, सुर्दशनपुरा ऐनक्लेव, गोलीमार गार्डन, सहकार मार्ग, जयपुर

निर्वाचन की सूचना
नियम 45 (7) (III)

क्रमांक-नि.अ./मा.अ.को.आ.बैंक/2022-23 दिनांक- 18.07.2022

मालवीय अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. जयपुर की प्रबन्धकारिणी के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निांक 29.07.2022 को प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक मालवीय अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. ऐ-48, सुर्दशनपुरा ऐनक्लेव, गोलीमार गार्डन, सहकार मार्ग, जयपुर पर मतदान (यदि आवश्यक हो तो) होगा। अतः समस्त सदस्य सूचित रहे। प्रस्तावित मतदाता सूची का प्रकाशन समिति के कार्यालयएवं सभी शाखाओं पर आज ही कर दिया गया है। यदि इस सूची से किसी सदस्य को कोई एतराज हो तो वह अपनी आपत्ति मय ठोस सबूत मुझे अथवा मेरे द्वारा अधिकृत व्यक्ति श्री संजीव शर्मा, प्रबन्ध निदेशक के समक्ष बैंक के कार्यालय में दिनांक 23.07.2022 को दोपहर 1.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। जिनकी सुनवाई उसी दिन की जाकर मतदाताओं की सूची का अंतिम प्रकाशन उसी दिन कर दिया जाएगा।

बैंक के संचालक मण्डल में 12 निर्वाचित सदस्य होंगे। परन्तु कोई सहकारी सोसायटी (बैंक) जो व्यक्तिगत सदस्यों से मिलकर बनी हो और जिसमें अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति अथवा महिला वर्ग के सदस्य हो, एक स्थान अनुसूचित जातियों के लिए एक स्थान अनुसूचित जनजातियों के लिए और दो स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001, राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम, 2003 एवं सोसाइटी के पंजीकृत उपनियमों में उल्लेखित निर्योग्यताओं से ग्रसित नहीं होना चाहिये।

निर्वाचन कार्यक्रम

1. नाम निर्देशन पत्र मालवीय अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.ऐ-48, सुर्दशनपुरा एनक्लेव, गोलीमार गार्डन, सहकार मार्ग, जयपुर स्थान पर निर्वाचन अधिकारी को दिनांक 25.07.2022 को प्रातः 10.00 बजे से 01.00 बजे तक स्वयं उम्मीदवार अथवा उसके समर्थक अथवा उसके प्रस्तावक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दिया जाएगा। तत्पश्चात प्राप्त नामनिर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन 2.00 बजे तक किया जाएगा।
2. नामनिर्देशन पत्रों की सूक्ष्म परीक्षा उसी स्थान पर दिनांक 25.07.2022 को 2.00 पी.एम. से प्रारंभ कर जिसमें उम्मीदवार या उसका प्रस्तावक अथवा समर्थक उपस्थित रह सकता है। तत्पश्चात वैद्य नाम निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा।
3. उम्मीदवारों के नाम वापसी लेने की सूचना निर्वाचन अधिकारी को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर बाद 2.00 बजे तक दिनांक 26.07.2022 को स्वयं उम्मीदवार द्वारा उपस्थित होकर लिखित में दी जा सकेगी। उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत नाम वापसी का आवेदन पत्र अंतिम होगा, जिसे उम्मीदवार द्वारा वापस नहीं लिया जा सकेगा। तत्पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार की सूची का प्रकाशन किया जावेगा।
4. यदि आवश्यक हुआ तो मतदान दिनांक 29.07.2022 को प्रातः 9.00 बजे से 5.00 बजे तक ऊपर उल्लेखित स्थान पर होगा तथा मतगणना दिनांक 30.07.2022 को मतदान पश्चात निर्धारित स्थान पर होगी। निर्वाचन परिणाम की घोषणा मतगणना के पश्चचात की जाएगी।
5. बैंक की प्रबन्धकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव दिनांक 31.07.2022 स्थान मालवीय अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. ऐ-48, सुर्दशनपुरा ऐनक्लेव, गोलीमार गार्डन, सहकार मार्ग, जयपुर पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा कराया जाएगा।
6. संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति में पदाधिकारियों का निर्वाचन दिनांक 27.07.2022 को होगा।

(सत्यवीर सिंह)
निर्वाचन अधिकारी
मालवीय अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि., जयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत पलावा पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.

क्रमांक-SPL-01 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-18/7/22

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक	अनु. राशि (लाखों में)	अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा फार्म राशि
1	इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य सुगडराम हरिजन के घर से मैन रोड की ओर बीरोद।	26/7/2022 12PM तक	26/7/2022 2 PM तक	26/7/2022 3PM तक	8.00 लाख	16000/-	500/-

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत पलावा, पं. समिति मुण्डावर (अलवर) | NIB N. ZAL2223A0491, UBN N. ZAL2223GSOB00685 | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पलावा, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

कार्यालय ग्राम पंचायत खरेटा पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.

क्रमांक-SP-1 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-17/7/22

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक	अनु. राशि (लाखों में)	अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा फार्म राशि
1	सिंगल फेस मय टंकी निर्माण कार्य हुरमत की ढाणी खरेटा।	25/7/2022 12PM तक	25/7/2022 2 PM तक	25/7/2022 3PM तक	8.00 लाख	16000/-	200/-

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत खरेटा, पं. समिति मुण्डावर (अलवर) | NIB N. ZAL2223A0490, UBN N. ZAL2223GSOB00684 | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खरेटा, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

कार्यालय ग्राम पंचायत मुण्डावर पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.

क्रमांक- ग्रा.प./मुण्डा./2022-23/32 दिनांक- 30.06.2022

अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक	अनु. राशि (लाखों में)	अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा फार्म राशि
1	सीसी सड़क मयनाली निर्माण पतराम गुर्जर के घर से लक्ष्मण शर्मा के घर की ओर मुंडावर।	25/7/2022 12PM तक	25/7/2022 2 PM तक	25/7/2022 3PM तक	10.00 लाख	20000/-	500/-

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत मुण्डावर, पं. समिति मुण्डावर (अलवर) | NIB N. ZAL2223A0489, UBN N. ZAL2223GSOB00683 | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मुण्डावर, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

कार्यालय ग्राम पंचायत पलावा, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)

क्रमांक-SP-02 **निविदा सूचना** दिनांक-12/7/2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022-23 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी. डब्लू. डी. एवं यू. आई. टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक	अनु. राशि (लाखों में)	अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा फार्म राशि
1	निर्माण सामग्री आपूर्ति वर्ष 2022-23 विभिन्न योजनाओं में।	26/7/2022 12PM तक	26/7/2022 2PM तक	26/7/2022 4 PM तक	9.80	19600/-	500/-

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 500/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पलावा, पं.सं. मुण्डावर (अलवर) | NIB-ZAL2223A0492, UBN-ZAL2223GSOB00686 | सरपंच, ग्राम पंचायत पलावा, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)